# बिहार विधान-सभा वादवृत्त।

सोमवार, तिथि ११ अप्रील १९६०।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा-सदन में सोमवार, तिथि ११ अप्रील १९६० को पूर्वाह्न ११ बजे अध्यक्ष, श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

---

श्री कृष्णकान्त सिंह—अध्यक्ष महोदय, मैं गत् पंचम सत्र, फरवरी-मई, १९५९ के शेष ८५६ अनागत प्रश्नों में से १११ तारांकित प्रश्नों के उत्तर मेज पर रखता हूं। शेष प्रश्नों के उत्तर सचिवालय से प्राप्त होने पर उपलब्ध कराये जायेंगे।

सूची।

| क्रम संख्या। | सदस्य का नाम। | प्रश्न संख्या। |
|---|---|---|
| १ | श्री लषणलाल कपूर .. .. | १४, २४१। |
| २ | श्री जगन्नाथ महतो .. .. | ६९, १६४९। |
| ३ | श्री गंगा प्रसाद सिंहा .. .. | २०६, २०७। |
| ४ | श्रीमती रामदुलारी शास्त्री .. .. | २०९, २१०। |
| ५ | श्री रामानन्द तिवारी .. .. | २८०, ८२७, १५७५, १५७८, १६७६। |
| ६ | श्री रामदेव सिंह .. .. .. | ३७०, ९०५, ९७२, १००५, १२३४, १८४९। |
| ७ | श्री घनश्याम सिंह .. .. | ४०७, १२०२। |
| ८ | श्री प्रभुनारायण राय .. .. | ४३०, १५०९, १५९०। |
| ९ | श्री सभापति सिंह .. .. | ५४७, १९८१, २०१०। |
| १० | श्री गंगा नाथ मिश्र .. .. | ५७५, १२४५। |
| ११ | श्री हेमलाल प्रगनैत .. .. | ५९९। |
| १२ | श्री दशरथ तिवारी .. .. | ६००, ११०९। |
| १३ | श्री रामजनम महतो .. .. | ७११। |
| १४ | श्रीमती शान्ति देवी .. .. | ७५७। |

(२) क्या यह बात सही है कि सोरा कोठी जो कि फतुहा बाजार का एक अंग है उसका आधा से ज्यादा महल्ला कटकर गंगा नदी में चला गया है ;

(३) क्या यह बात सही है कि उक्त महल्ला से एक डिस्ट्रिक्ट बोर्ड की सड़क गई है जिसे गंगा में कट जाने की वजह से सड़क बंद हो गई है ;

(४) क्या यह बात सही है कि गत तीन साल पहले स्वशासन विभाग द्वारा उसकी जांच-पड़ताल हुई थी लेकिन अभीतक कुछ भी प्रबंध नहीं किया गया है ;

(५) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार कटाव को रोकने का प्रबंध करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री दीपनारायण सिंह—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(३) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(४) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(५) उक्त क्षेत्र को कटाव से बचाने के लिये एक योजना सरकार के विचाराधीन है। उक्त योजना का प्रतिरूप प्रयोग (model experiment) Bihar Institute of Hydraulic & Allied Resea ch के निदेशक के द्वारा किया जा रहा है। निदेशक के प्रतिवेदन के आधार पर ही कटैया घाट क्षेत्र (फतुहा) की रक्षा के लिये योजना तैयार की जायगी।

## CONSTRUCTION OF CHANNELS.

**179. Shri RAMAKANT JHA :** Will the Irrigation Minister be pleased to state whether it is a fact that the tubewells dug for irrigation purposes in Darbhanga district are not being utilised fully due to non-construction of channels, if so, by what time the channels would be constructed ?

श्री दीपनारायण सिंह—यह बात सही नहीं है कि दरभंगा जिले के नलकूपों से नालियां नहीं बनने के कारण सिंचाई पूर्ण रूप से नहीं हो रही है। सरकार के आदेशानुसार नालियों का निर्माण किया जा रहा है और आशा है १९६०-६१ तक नालियों का निर्माण हो जायगा।

## सट्टा की माफी।

१८००। श्री चन्द्रदेव प्रसाद वर्मा—क्या मंत्री, सिंचाई विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि श्री रामकेवल माली, ग्राम फरीदपुर, थाना विक्रम (पटना) का प्लौट नं० ४०१, नहर साटा में नहीं है और उस पर नहर का पानी भी नहीं चढ़ सकता है ;